क्षेत्रीय कार्यालय:यू0पी0कोआपरेटिव फेडरेशन लि0

9,अमरनाथ झा मार्ग, प्रयागराज।

पत्रांक:-पीसीएफ/उर्वरक-परिवहन/2026-27/ 81- दिनांक 14.05.2026

ई-निविदा सूचना

पी0सी0एफ0 में पंजीकृत/अपंजीकृत परिवहन ठेकेदारों/फर्मो से वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 हेतु उर्वरक/बीज परिवहन, रिबैगिंग, रैक हैण्डलिंग एवं पल्लेदारी कार्य हेतु परिवहन ठेकेदार नियुक्त किए जाने के लिए पुनः ई-निविदायें क्षेत्रीय कार्यालय, पी0सी0एफ0, 9, अमरनाथ झा मार्ग, जार्जटाउन, प्रयागराज स्तर पर निम्न तिथि में आमत्रित की जाती हैं:-

क्र0	मण्डल का नाम	जनपद का नाम	निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि	निर्धारित समय		
				निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय	निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि	निविदा प्रपत्र खोलने का समय
1	प्रयागराज	प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़	25.05.2026	3.00PM	25.05.2026	3.30 PM

निर्धारित निविदा प्रपत्र, मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउन लोड की जा सकती है। निविदा का विवरण इस प्रकार है:-

1. उर्वरक/बीज परिवहन, रिबैगिंग, रैक हैण्डलिंग एवं पल्लेदारी कार्य हेतु।
2. धरोहर धनराशि : (1) A,B,C कैटेगरी सभी जनपद हेतु रू0 1,00,000.00 (रू0 एक लाख)
3. निविदा फार्म मूल्य - रू0 5000+900 जी0एस0टी0 कुल योग रू0 5900.00 (पॉच हजार नौ सौ मात्र) जी0एस0टी0 सहित।
4. अपंजीकृत निविदादाता हेतु नान रिफन्डेबिल पंजीकरण शुल्क - 1,25,000.00 (रू0 एक लाख पच्चीस हजार)

उपरोक्त धरोहर धनराशि/निविदा पंजीयन शुल्क एवं निविदा मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से **"UPCF LTD Allahabad"** के नाम से अथवा आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक, पीसीएफ ब्रान्च, अलोपीबाग, प्रयागराज में खुले खाता संख्या **474000VS00002554 IFSC CODE PUNB0409800** में जमा की जा सकेगी तथा भौतिक रूप से क्षेत्रीय कार्यालय पी0सी0एफ0 प्रयागराज में दिनांक 25.05.2026 तक कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक जमा किया जायेगा। बिना धरोहर राशि वाली एवं पूर्व वर्षो की जमा अर्नेस्टमनी इस वर्ष मान्य नहीं होगी, सशर्त एवं अपूर्ण निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र पर निर्धारित तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव सभी आवश्यक डाक्यूमेण्टस को स्कैन कर वेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निर्धारित तिथि एवं समय तक अपलोड किया जा सकेगा। वांछित प्रपत्र अपलोड न किये जाने की स्थिति में टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिन परिवहन ठेकेदारों को पूर्व में पी0सी0एफ0 या अन्य किसी सरकारी/सहकारी संस्था (भारत सरकार/किसी भी राज्य सरकार) द्वारा काली सूची में डाला गया है, उनकी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी और टेण्डर कमेटी द्वारा ऐसी डाली गयी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा एवं धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। तकनीकी रूप से अर्ह निविदादाता की वित्तीय निविदा पर ही विचार किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त अपलोड होने वाली निविदाओं के सम्बन्ध में पी0सी0एफ0 जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगी। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। टेण्डर फार्म में निर्धारित नियम एवं शर्तें तथा उक्त के अनुरूप वेबसाइट पर अपलोड की गयी निविदा सूचना के अनुसार ही आमन्त्रित निविदा स्वीकार की जायेगी। टेण्डर से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय प्रबन्धक प्रयागराज के मोबाइल नम्बर 8765984540 पर सम्पर्क किया जा सकता है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक महोदय पी0सी0एफ0 लखनऊ के पास सुरक्षित रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबन्धक,
पी0सी0एफ0, प्रयागराज मण्डल

Signature Not Verified
Digitally signed by BRIJESH KUMAR
Date: 2026.05.14 17:34:24 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

Scanned with CamScanner